
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :468 पृष्ठ -4 दिनांक 03 मई 2025 दिन शनिवार

## यूपी में अवैध मदरसों पर सीएम योगी का एक्शन

### 6 दिनों में 82 सील, 350 अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के निर्देश पर पिछले कुछ समय से भारत नेपाल सीमा से सटे अवैध मद. रसों, मस्जिद और अन्य धार्मिक स्थलों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाया है. इस अभियान के तहत बीते छह दिनों दिनों में 82 अवैध मदरसे बंद करवाए गए हैं. जबकि 350 से ज्यादा अवैध कब्जों को भी ध्वस्त किया गया है. ये कार्रवाई नेपाल से सटे बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती जैसे जिलों में की जा रही है. राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में राजस्व और पुलिस प्रशासन की टीम सयुक्त रूप से इस छापामारी कर अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई में जुटी हुई है. जिसके तहत प्रदेश में अवैध तरीके से चल रहे मदरसों और धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में बहराइच में तहसील नानपारा और



तहसील मिहींपुरवा में अतिक्रमण हटाए गए हैं. इस तरह अब तक यहां कुल 135 अवैध निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं.अवैध मद. रसों और धार्मिक स्थलों पर कार्रवाईसिद्धार्थनगर की बात करें तो यहां पर कुल 17 अवैध अतिक्रमणों पर कार्रवाई की गई है. इसमें 3 मस्जिदें और 14 मदरसे शामिल हैं. पीलीभीत और महराजगंज में भी अवैध निर्माणों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है. यहां भी अवैध तरीके से चल रहे मदरसों को सील कर दिया गया है.

बलरामपुर में आठ मदरसों को नोटिस दिया गया है जबकि तीन मजारों से अवैध कब्जा हटा लिया गया है. इसके अलावा इस इलाके में पांच अवैध निर्माणों को नोटिस दिया गया है. यहां अब तक कुल 16 अतिक्रमण चिह्नित कर तीन पर कार्रवाई की जा चुकी है. एक स्थान पर ईदगाह बनी है, जिस पर कार्रवाई होनी है. निरीक्षण में अब तक कुल 20 मदरसे मानक विहीन पाए गए.श्रावस्ती में अवैध रूप से चल रहे मदरसों को सील किया गया. अब तक कुल 41 के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है. नेपाल बॉर्डर के 15 किलोमीटर के दायरे में आठ और अतिक्रमण ध्वस्त किए गए. इस तरह के 139 कब्जे गिराए जा चुके हैं. ग्राम भरथा, रोशनगढ़, परगना व तहसील भिनगा में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को भी ध्वस्त किया गया है.

## सरकार और भर्ती बोर्ड की ऐतिहासिक उपलब्धि है 60 हजार आरक्षी भर्ती

लखनऊरू हाल ही में यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने 60 हजार आरक्षियों की शानदार तरीके से भर्ती की। यह सरकार और बोर्ड दोनों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। ईमानदारी की मिसाल है। इस भर्ती में चुने गये आरक्षी अगले 30–32 साल तक एक जबरदस्त एसेट साबित होंगे। यह बात पूर्व डीजीपी एके जैन यूपी पुलिस के पॉडकास्ट 'बियांड द बैच' शो में बातचीत के दौरान कही।यूपी पुलिस के पॉडकास्ट 'बियांड द बैच' शो में पूर्व डीजीपी एके जैन से एसपी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन वृन्दा शुक्ला ने कई अनछुए पहलुओं पर बात की। पूर्व डीजीपी ने कहा कि बचपन में घर पर पुलिस अधिकारियों का आना–जाना था। इस कारण भारतीय पुलिस सेवा में आने का मन बना रखा था। बताया कि फतेहपुर आपराधिक गतिविधियों के लिए बदनाम था। अपराध पर नियंत्रण के लिए कई प्रभावी उपाय और कुख्यात अपराधियों का एनकाउंटर किया।आ. ईजी एसटीएफ रहते बुंदेलखंड के नामी अपराधी ददुआ एनकाउंटर के बारे में जानक. ारी दी। बताया कि वर्तमान एडीजी कानून–व्यवस्था अमिताभ यश उस समय एसएसपी एसटीएफ थे। उनकी टीम काफी दिनों तक ददुआ पर काम किया। लगातार कांबिंग की गई। इसके बाद रात में एनक. ाउंटर हुआ। पूर्व डीजीपी ने महाकुंभ 2025 में सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर कहा कि 65 करोड़ लोगों के लिए की गयी पुलिस व्यवस्था को एक रिकॉर्ड है। यह दुनिया की सभी पुलिस फोर्स के लिए क्राउड मैनेजमेंट का उदाहरण है। एटीएस की स्थापना और सेवानिवृत्त होने के बाद मोबाइल टावर की सिक्योरिटी के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी।

### बरेली में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

बरेली के भुता थाना क्षेत्र में 18 वर्ष के युवक ने पुलिस की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली. यह आरोप मृतक के परिजनों ने लगाया है. परिजनों के मुता. बिक सलमान (18) से क्योलड़िया पुलिस एक किशोरी के गायब होने के मामले में उसे पूछताछ के दौरान प्रताड़ित किया गया था. परिजनों का कहना है कि चार दिन पहले पुलिस ने उससे मारपीट की और थर्ड डिग्री दी थी जिससे आहत होकर सलमान ने फंदा लगाकर जान दे दी. लेकिन मानसिक रूप से परेशान था. इसके बाद 1 मई की रात उसने आत्महत्या कर ली. घर की महिलाएं बताती है कि सलमान को क्राइम इंस्पेक्टर ने बुरी तरह पीटा, जिससे वह परेशान हो गया और बाद में उसने आत्महत्या कर ली. वहीं युवक के परिजन इंस्पेक्टर और किशोरी के परिजनों पर कार्रवाई की मांग कर रहे है.

## उत्तरप्रदेश तेज आंधी–तूफान के साथ बारिश और ओले गिरे, नोएडा–गाजियाबाद में मौसम हुआ सुहाना

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार की सुबह तेज आंधी–तूफान और झमाझम बारिश के साथ हुई. नोएडा–गाजियाबाद से लेकर लखनऊ, गोरखपुर समेत कई जिलों में बादल गरजने के साथ झमाझम बारिश हुई तो कई जगहों पर ओले गिरे. बेमौसम हुई इस बारिश से मौसम पूरी तरह बदल गया है. ठंडी हवाओं ने गर्मी को दूर भगा दिया और मौसम एकदम सुहाना हो गया है. मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में अगले चार दिन तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा. शनिवार को भी कई जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश होने का यलो अलर्ट जारी किया गया है. दिल्ली से सटे नोएडा–गाजियाबाद में सुबह तड़के से ही मौसम ने करवट ली और तेज धूलभरी आंधी के साथ बारिश हुई. इस दौरान कई जगहों पर पेड़ भी टूट कर गिर गए तो कई जगहों पर बिजली चली गई. मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में तेज रफ्तार हवाओं के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है. दिन में भी कई जगहों पर बारिश का ये सिलसिला जारी रहेगा. बारिश की वजह से तापमान में भी गिरावट आई है. सुबह बारिश से मौसम हुआ सुहाना मौसम विभाग के मुताबिक यूपी के दोनों पूर्वी और पश्चिमी संभागों में आज गरज



चमक के साथ बारिश होगी. इस दौरान 25–35 किमी की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है तो वहीं कई जगहों पर मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है. 7 मई तक प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है. शनिवार–रविवार को भी मेघ गर्जन के साथ बारिश का ये सिलसिला जारी रहेगा. अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा. आज इन जिलों में होगी बारिश यूपी में आज गाजियाबाद, सहारनपुर, शामली,मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड, बागपत, नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ, आगरा, मथुरा, हाथरस, बिजनौर, झांसी, ललितपुर व आ. सपास के इलाकों में बादल गरजने के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश की संभावना जताई है. इसके साथ ही इन इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवा चलने की चेतावनी भी जारी की गई है. प्रदेश में आज से पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिसके चलते इस हफ्ते बारिश का सिलसिला जारी रहेंगे. अगले दो से तीन तक बादल छाए रहने का अनुमान है. गुरुवार को भी पूर्वी यूपी में गोरखपुर, महाराजगंज, संतकबीरनगर, श्रावस्ती और बस्ती के कुछ इलाकों में आंधी के साथ ओले गिरे हैं. जिससे किसानों की फसलों को भी नुकसान हुआ है. सीएम योगी ने संबंधित जिलों के डीएम से किसानों को हुए नुकसान का आंकलन कर भरपाई करने के निर्देश दिए हैं.

## उत्तराखंड में बदला मौसम, केदारनाथ समेत अन्य धामों में बारिश और हिमपात, मौसम विभाग ने दी चेतावनी

उत्तराखंड में मौसम ने करवट बदली है. प्रदेशभर में बादलों का डेरा छाया हुआ है और खासतौर पर पर्वतीय क्षेत्रों में ठंडक बढ़ गई है. गुरुवार को केदारनाथ धाम की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात दर्ज किया गया. जबकि गंगोत्री, यमुनोत्री और बद्रीनाथ धाम में हल्की वर्षा की सूचना मिली है. इसके अलावा हेमकुंड साहिब और अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई है, जिससे वहां का तापमान और अधिक गिर गया है.पर्वतीय इलाकों के साथ–साथ मैदानी क्षेत्रों में भी मौसम का असर दिखाई दिया. कई स्थानों पर हल्की ओलावृष्टि और गर्जन के साथ बारिश हुई. देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर सहित कई मैदानी क्षेत्रों में दिनभर बादल छाए रहे और तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया. हल्की हवाओं और बादलों के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में ठिठुरन में इजाफा हुआ.कई हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए चेतावनी जारी की है. मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेशभर में मौसम में अस्थिरता बनी रहेगी. शुक्रवार को भी उत्तराखंड के अधिकांश हिस्सों में आंशिक से लेकर घने बादल छाए रह सकते हैं. पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा, जबकि मैदानी इलाकों में गर्जना, ओलावृष्टि और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है.मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम इसी तरह का बना रह सकता है. इस दौरान कई क्षेत्रों में आक. ाशीय बिजली चमकने और अंधड़ की भी चेतावनी दी गई है. आम जनता और विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों में यात्रा करने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. गुरुवार को पिथौरागढ़, चंपावत और बा. गेश्वर जैसे जिलों में हल्की वर्षा और ओलावृष्टि हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई। वहीं, कई जिलों में दिनभर बादल छाए रहे और रात के समय वर्षा के आसार बने रहे. लोगों से सावधान रहने की अपील मौसम के इस बदलाव से पर्वतीय क्षेत्रों में पुनः सर्दी की स्थिति बन गई है. मौसम विभाग का कहना है कि यह स्थिति फसलों और पर्यटकों दोनों के लिए प्रभावित कर सकती है. जहां एक ओर बर्फबारी व बारिश से पर्यटक आकर्षित होते हैं, वहीं दूसरी ओर अचानक मौसम बिगड़ने से यात्रा में बाधा भी उत्पन्न हो सकती है. ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है. पर्वतीय मार्गों पर विशेष निगरानी बनाए रखने को कहा गया है. लोगों से अपील की है कि वो मौसम को देखते हुए यात्रा की योजना बनाएं

## यूपी में रामपथ पर पान, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट की बिक्री के साथ-साथ . महिला और पुरुषों के अंडरगारमेंट्स के विज्ञापन पर भी प्रतिबंध




उत्तर प्रदेश स्थित अयोध्या में अयोध्या नगर निगम की कार्यकारी समिति ने राम पथ के 14 किलोमीटर लंबे हिस्से में शराब और मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया है. इसके साथ ही अंडरगार्मेंट्स के विज्ञापन भी नहीं लगाए जा सकेंगे.बता दें अयोध्या स्थित राम मंदिर रामपथ पर स्थित है और यह अयोध्या व फैजाबाद शहरों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है. यह प्रतिबंध पान, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट और पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए अंतरूवस्त्र के विज्ञापन पर भी लागू होगा. अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को इस फैसले की घोषणा की.महापौर ने कहा, श महापौर, उपमहापौर और 12 पार्षदों वाली अयोध्या नगर निगम की कार्यकारी समिति ने शहर की सच्ची धार्मिक भावना को बनाए रखने के लिए इस प्रतिबंध को लागू करने का प्रस्ताव पारित किया.श कार्यकारी समिति में केवल एक मुस्लिम पार्षद सुल्तान अंसारी शामिल हैं, जो भाजपा से हैं.अयोध्या शहर में मांस व शराब की बिक्री काफी समय से बंद है, लेकिन सरयू नदी के तट से शुरू होकर फैजाबाद शहर में पांच किलोमीटर तक फैले राम पथ पर फिलहाल मांस व शराब की बिक्री की अनुमति है.इस फैसले का उद्देश्य अयोध्या में लागू प्रतिबंधों को पूरे राम पथ पर लागू करना है, जिसमें फैजाबाद शहर के अंदर के क्षेत्र भी शामिल हैं. इस प्रतिबंध के क्रियान्वयन का विवरण व समयसीमा जल्द ही नगर निगम द्वारा घोषित किए जाने की उम्मीद है.अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद से ही वि. रासत और विकास दोनों को लेकर समन्वय के साथ काम किया जा रहा है. मंदिर निर्माण के बाद से ही क्षेत्र में अतिक्रमण रोधी कार्रवाईयां भी जारी है.

## भदोही में संदिग्ध अवस्था में रेल पटरी पर मिला युवक और युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस




उत्तर प्रदेश के भदोही में एक गांव के रहने वाले युवक और युवती का संदिग्ध अवस्था में रेल पटरी पर शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. आशंका जताई जा रही है कि युवक और युवती दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे और परिजन के न मानने पर दोनों ने आत्महत्या की है. फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है.भदोही कोतवाली क्षेत्र के कारपेट सिटी इलाके में देर रात पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे पटरी पर एक युवक और युवती का शव मिला है. इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया है. इस मौके पर मिले लड़की के शव कई हिस्सों में कटा हुआ था और चेहरे के चीथड़े उड़ गये थे काफी मशक्कत के बाद लड़की की पहचान हो पाई है.बताया जाता है कि मृतक युवक की पहचान शहर कोतवाली क्षेत्र के अभयनपुर निवासी राहुल पटेल (23) जबकि युवती की पहचान उसी के गांव के रीमा पटेल (18) के रूप में हुई है. मूल रूप से मड़ियाहूं जौनपुर का रहने वाला मृतक राहुल भदोही में अपने ननिहाल में मामा के यहां रहकर वैवाहिक कार्यक्रमों में डेकोरेशन का काम–काज करता था. मृतक रीमा के पिता महेश कुमार पटेल ने कहा कि मेरी बेटी कक्षा 10 तक पढ़ने के बाद पढ़ाई लिखाई में मन न लगने पर स्कूल बन्द कर घर का ही कामकाज करती थी. एक दूसरे से प्यार करते थे मृतक पिता ने बताया कि राहुल से कैसे और कब मुलाकात हुई यह हमें नहीं पता है लेकिन अक्सर मोबाइल में लगी रहती थी. वहीं मृतक राहुल के मामा रमेश कुमार पटेल ने बताया कि मेरा भांजा जन्म से ही यहां रहता है और उसकी मां का पहले ही स्वर्गवास हो चुका है और उसके पिता मुंबई में रहकर जीवकोपार्जन कर रहे हैं. दोनों के परिजनों ने कहा कि राहुल और रीमा दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे यह हम लोगों को नहीं पता है और दोनों ने कभी बताया भी नहीं. युवक युवती का एक साथ शव मिलने पर पूरे गांव में चर्चा है कि दोनों प्रेमी प्रेमिका हैं और किसी बात पर दोनों ने आत्महत्या कर ली है.वहीं मौके पर भदोही सदर कोतवाली प्रभारी स. च्चदानंद पांडेय दलबल के साथ पहुंच दोनों शवों को इकठ्ठा कर उनकी पहचान कराई गई और घंटों बाद दोनों युवक युवती की पहचान राहुल और रीमा पता अभयनपुर की हुई और यह घटना देर शाम की है. यह मामला संदिग्ध और गंभीर होने पर डिप्टी एसपी अशोक कुमार मिश्र ने भी मौका मुआयना कर बताया कि रेल पटरी पर लड़की रीमा का क्षत–विक्षत शव मिला है, जिसकी पहचान करना बड़ी मुश्किल थी और कुछ हिस्सों में कटे राहुल की पहचान पहले ही हो गई थी.दोनों के शव अलग–अलग जगह मिले– डिप्टी एसपी डिप्टी एसपी ने बताया कि जानकारी अनुसार दोनों प्रेमी प्रेमिका बताये जा रहे है लेकिन दोनों के शव अलग अलग जगह मिले हैं. दोनों ने आत्महत्या की है या किसी ने साजिशन घटना को अंजाम दिया है, सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और पोस्टमोर्टम रिपोर्ट आने व अन्य साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जायेगा.

# हाथरस में आज सुबह मौसम ने करवट बदली



हाथरस में आज सुबह मौसम ने करवट बदली। सुबह 6 बजे से तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश कभी तेज तो कभी रिमझिम होती रही। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। पिछले कुछ दिनों से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा था। आज अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंडी हवा और बारिश से मौसम सुहाना हो गया।तेज हवा और बारिश के कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली लाइनों में फॉल्ट आ गए। इससे कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बारिश से गलियों और सड़कों पर पानी भर गया। बरसात से सामान्य दिनचर्या प्रभावित हो गई। शहर में सड़के सुनसान दिखाई दी और लोग बारिश से अपना बचाव करते हुए नजर आए।बिजली कटौती और जलभराव से लोग परेशान बा. रिश की वजह से बाजारों में सुबह लोगों की आवाजाही काफी कम रही। बिजली कटौती और जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# विधायक से मिले शिक्षक, कमिश्नर से डीएम तक की दौड़ के बाद भी नहीं मिला समाधान

उत्तर प्रदेश के सादाबाद में सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों को अतिरिक्त नेशनल वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गुरुवार को देर शाम उत्तर प्रदेशीय सेवा. निवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के पदाधिकारियों ने विधायक गुड्डू चौधरी से मुलाकात की।विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन के 21 अक्टूबर 2024 के आदेश के अनुसार, 2006 से 2015 तक 30 जून को सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को यह लाभ दिया जाना है। शिक्षकों ने इस मामले में कई अधिकारियों से संपर्क किया। 25 अक्टूबर को बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिखित नि. वेदन किया। 16 नवंबर को वित्त एवं लेखा अधिकारी को निवेदन किया।17 दिसंबर 2024 को पेंशन दिवस में डीएम के समक्ष मामला रखा गया। 13 मार्च 2025 को कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपा। 3 अप्रैल को मंडल स्तरीय पेंशन दिवस में कमिश्नर को लिखित शिकायत की गई।बीएसए कार्यालय और लेखा कार्यालय में पेंशनर शिक्षकों की पत्रावलियां मौजूद हैं। फरवरी में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पत्रावलियां जमा की गई हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।विधायक ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान का आश्वासन दिया है। इस मौके पर सेवा. निवृत्त शिक्षक सतीश चंद्र रावत, निहाल सिंह, रुस्तम सिंह और नारायण सिंह मौजूद थे।

# मुरसान में व्यापारियों ने बाजार बंद कर पाकिस्तान का पुतला फूंका, नारेबाजी

हाथरस के मुरसान कस्बे में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। सुबह से ही कस्बे के मुख्य बाजार में लोग एकत्रित हो गए।प्रदर्शन कारियों की अपील पर कस्बे का पूरा बाजार बंद रहा। जो दुकानें खुली थीं, उन्हें भी प्रदर्शनकारियों ने बंद करवा दिया। हालांकि ज्यादातर लोगों ने अपने आप ही अपनी दुकानें बंद कर ली थी।प्रदर्शन के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से पाकिस. तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना था कि पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी है।प्रदर्शन में राहुल शर्मा, टिंकू चौधरी, रवेन्द्र चौधरी, रामप्रकाश पौनिया, अजय भारद्वाज, अभिषेक सारस्वत, सौरभ पौनिया, अंकित शर्मा, अनुज शर्मा, देव अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल और शरद गौड़ सहित कई लोग शामिल थे।

# व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था नहीं, अभी तक नहीं बना मेडिकल कॉलेज




हाथरस जिले का 28 वां स्थापना दिवस है।हाथरस जिले की स्थापना 3 मई 1997 को हुई थी। तत्कालीन ऊर्जा मंत्री रामवीर उपाध्याय की पहल पर इसे जिला बनाया गया था। अलीगढ़ की हाथरस, सिकंद. राराऊ तहसील और मथुरा की सादाबाद तहसील को मिलाकर नया जिला बनाया गया।28 साल बाद भी जिले में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जिला न्यायालय का नया भवन अभी निर्माणाधीन है। जिला कारागार के लिए भूमि का चयन हो चुका है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। 5 वर्ष पूर्व घोषित मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी अभी तक शुरू नहीं हुआ है। जमीन आवंटित होने के बावजूद कोई प्रगति नहीं हुई है। स्वास्थ्य सेवाएं अपर्याप्त हैं। कई जिला स्तरीय कार्यालय अभी तक स्थापित नहीं हुए हैं।परिवहन सेवाओं की भी कमी छात्र रौनक वार्ष्णेय के अनुसार, जिले में व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था नहीं है। एक कैंटीन संचालक अशरफ का कहना है कि परिवहन सुविधाएं अपर्याप्त हैं। कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव नहीं है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोडवेज बसें नहीं चलतीं।व्यापारी जयप्रकाश वार्ष्णेय के अनुसार, मेडिकल कॉलेज की घोषणा के बाद भी अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। राजनेता लगातार कह रहे हैं कि जल्दी ही मेडिकल कॉलेज बनने वाला है लेकिन आज तक एक ईंट नहीं रखी गई। यहां के मरीजों को अक्सर बाहर जाना पड़ता है।अभी तक नहीं बना जिले में ट्रां. सपोर्ट नगर किशन शर्मा का कहना है कि इस जिले को बने 28 साल हो गए लेकिन यहां कोई बड़ा उद्योग धंधा नहीं लगा। यहां रोजगार का अभाव है और यहां के तमाम लोग बाहर जाकर काम धंधा करने के लिए मजबूर हैं। कोमल बघेल का कहना है कि 28 साल बाद भी जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बेहद लचर स्थिति में हैं। यहां उच्च शिक्षा की व्यवस्था नहीं है। ट्रां. सपोर्ट नगर भी अभी तक नहीं बना। कई बड़ी समस्याओं से यहां के लोग जूझ रहे हैं और इस तरफ यहां जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे।

# हाथरस में हाईस्कूल की छात्रा ने की आत्महत्या की कोशिश, अस्पताल में भर्ती

हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की छेड़खानी से परेशान होकर 16 वर्षीय हाईस्कूल छात्रा ने विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया। छात्रा को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार हुआ है।पीड़ित परिवार के अनुसार, एक गांव का युवक लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था। वह स्कूल जाते समय उसकी साइकिल रोक लेता था और छेड़खानी करता था। परिवार ने इस मामले की शिकायत पहले ही पुलिस से कर दी थी। युवक की लगातार परेशानी से तंग आकर विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया। दवा के प्रभाव से वह बेहोश हो गई।पुलिस ने भी मामले को लेकर की जांच पड़ताल परिवार के लोग उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। इस मामले की सूचना पुलिस को भी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ित परिवार से पूछताछ की और आवश्यक जानकारी एकत्रित की है।

# सादाबाद–मथुरा मुख्य मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने से ग्रामीणों ने विरोध किया

सादाबाद–मथुरा मुख्य मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने से ग्रामीणों ने विरोध किया। बिसावर टीकैत पुल के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट डामरीकरण का कार्य चल रहा था।ग्रामीणों का आरोप है कि ठे. केदार द्वारा डामर को दूर–दूर डालकर उसके ऊपर गिट्टी बिछाई जा रही है। उनका कहना है कि जब सड़क की निचली परत में डामर ठीक तरीके से नहीं डाली जाएगी तो ऊपर की गिट्टी कैसे चिपकेगी। इस तरह के घटिया निर्माण से सड़क जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी।स्थानीय लोगों ने नारेबाजी करते हुए उच्चाधिकारियों से जांच की मांग की। उनकी मांग है कि इस मुख्य मार्ग का निर्माण उच्च अधिकारियों की निगरानी में किया जाए और दोषियों के खिलाफ कार. 'वाई की जाए।विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सड़क मरम्मत कार्य में लगे सभी कर्मचारी मौके से भाग गए। कर्मचारियों को डर था कि ग्रामीण उनके साथ मारपीट कर सकते हैं। कार्य की देखरेख कर रहे अवर अभियंता भी मौके से फरार हो गए।

# हाथरस के कस्बा मुरसान में मुस्लिम समाज ने कश्मीर के पहलगांव में हुई घटना का विरोध किया



हाथरस के कस्बा मुरसान में मुस्लिम समाज ने कश्मीर के पहलगांव में हुई घटना का विरोध किया। आज शुक्रवार को हाजी हकीम कुरैशी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस निकाला। जामा मस्जिद से शुरू हुआ जुलूस बड़ा बाजार और सब्जी मंडी थाने के सामने से होते हुए रामलीला मैदान पहुंचा।प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दोपहर 2 बजे के करीब रामलीला मैदान में पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद जुलूस और प्रदर्शन में हाजी साबिर हुसैन, हाजी उस्मान खान, वजीर कुरैशी, इब्राहिम, शाकिर खान, नसीम और मौलाना मुकीम सिद्दीकी समेत कई लोग मौजूद रहे। सभासद शकील खान, यासीन खान और शमशेर खान भी शामिल हुए। प्रदर्शनक. ारियों ने पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा।

# राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन आगरा में हाउस अरेस्ट

सपा के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को आज आगरा स्थित उनके आवास पर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। जिसको लेकर सादाबाद में पुलिस अलर्ट पर है। वह अलीगढ़ में एक मारपीट के शिकार युवक से मिलने जा रहे थे।यह कार्रवाई राज्यसभा में राणा सांगा पर दिए गए उनके विवादित बयान के बाद की स्थिति से जुड़ी है। कुछ दिन पहले आगरा से बुलंदशहर जाते समय गभाना टोल प्लाजा के पास करणी सेना के लोगों ने उनके काफिले पर हमला किया था। हमलावरों ने गाड़ियों के सामने टायर फेंके, जिससे पांच वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला था।सादाबाद के गांव बहरदोई में स्थित सुमन के पैतृक आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस लगातार गश्त कर रही है। कुछ सपा कार्यकर्ताओं के आगरा जाने की सूचना के बाद सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि गांव में पूरी तरह शांति है। एहतियातन पुलिस की चौ. कसी बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# हाथरस के मुगलगढ़ी में पिछले साल 2 जुलाई को हुए भगदड़ मामले में शुक्रवार को जिला न्यायालय में सुनवाई नहीं हो सकी



हाथरस के मुगलगढ़ी में पिछले साल 2 जुलाई को हुए भगदड़ मामले में शुक्रवार को जिला न्यायालय में सुनवाई नहीं हो सकी। आरोपी पक्ष के वकील एपी सिंह कोर्ट में नहीं आए। अब अगली सुनवाई 15 मई को होगी।सिकंद्राराऊ के मुगलगढ़ी में भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में 150 से अधिक लोग घायल हुए थे। पुलिस ने इस मामले में देव प्रकाश मधुकर समेत 11 लोगों को आरोपी बनाया है।भोले बाबा का नाम नहीं है चार्जशीट में सभी आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। वर्तमान में देवप्रकाश मधुकर सहित तीन आरोपी जेल में बंद हैं। उल्लेखनीय है कि भोले बाबा का नाम न तो मुकदमे में दर्ज किया गया और न ही चार्जशीट में शामिल किया गया है। फिलहाल सभी आरोपियों पर चा. र्जफ्रेम करने की प्रक्रिया चल रही है।

# हाथरस नगर पालिका अनियमितता में फंसे पालिकाध्यक्ष सहित कई अफसर–कर्मी

हाथरस नगर पालिका परिषद में जैम पोर्टल के जरिये सफाई कर्मचारियों की आपूर्ति की निविदा में अनियमितता का खुलासा हुआ है। इसमें पालिकाध्यक्ष सहित नगर पालिका के कई अफसर फंस गए हैं। डीएम राहुल पांडेय ने नगर पा. लिकाध्यक्ष सहित कई जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग से कार्रवाई की संस्तुति की है।डीएम ने अधिशासी अधिकारी को जिम्मेदार अफसर व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 34 के सभासद सुनील अग्निहोत्री ने पिछले साल 13 अगस्त को डीएम को शिकायती पत्र सौंपा था। इसमें नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पर जैम पोर्टल के माध्यम से सफाई कर्मचारियों की आपूर्ति की निविदा में धोखाधड़ी कर निजी ठेकेदार को वित्तीय लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया था।डीएम ने जांच के लिए प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट द्वितीय, वरिष्ठ कोषाधिकारी और जिला सूचना विज्ञान अधिकारी की संयुक्त जांच समिति गठित की। कमेटी ने डीएम को सौंपी जांच रिपोर्ट में कहा है कि नि. विदा की शर्तें बनाते समय शासनादेश पर अंकित अनिवार्य शर्तें सम्मिलित नहीं की गई हैं। अतः निविदा तकनीकी रूप से सही प्रतीत नहीं होती है। डीएम ने जांच आख्या के आधार पर प्रमुख सचिव नगर विकास से पालिकाध्यक्ष के खिलाफ कार. 'वाई की संस्तुति की है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक सम्पन्न

## डीआईओएस विद्यालय प्रबंधन से दिए गए निर्देशों का कड़ाई से कराएं अनुपालन



अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने निर्देश दिए कि कोई भी विद्यालय मनमाने ढंग से शुल्क वृद्धि न करे। शुल्क निर्धारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता होनी चाहिए और विद्यालयों को अपनी शुल्क संरचना विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विद्यालय द्वारा शुल्क संबंधी शिकायत प्राप्त होती है तो उस पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी विद्यालय प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि वे शुल्क निर्धारण समिति का गठन कर उसकी बैठक का विवरण, अनुमोदन पत्र एवं शुल्क संरचना नियमानुसार विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें। डीआईओएस सर्वदानन्द ने बताया कि शिक्षा शुल्क की वृद्धि कंज्यूमर इंडेक्स के आधार पर समिति के माध्यम से ही घटानेबढ़ाने का नियम निश्चित है। डीआईओएस ने बताया कि अभी तक किसी विद्यालय ने शुल्क वृद्धि के बारे में न कोई सूचना दी है और न ही विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया है। उन्होंने सभी विद्यालयों को अपनी वेबसाइट जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नियमानुसार कोई विद्यालय प्रतिवर्ष स्कूल यूनीफार्म नहीं बदल सकता, इसे 05 वर्ष में समिति अनुमति से ही बदला जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय शुल्क में आशातीत वृद्धि, पुस्तकें, स्कूल ड्रैस, बैग निश्चित दुकान से क्रय करने का दवाब बनाने, निजी प्रकाशकों की किताबें क्रय किए जाने के सबंध में बताया कि निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि पुस्तकें, स्कूल ड्रैस, बैग निश्चित दुकान से क्रय करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। स्कूली वाहन पार्किंग विद्यालय में होने के साथ ही वाहन की फिटनेस प्रमाण पत्र होना चाहिए, स्कूली वाहन में अध्यापक साथ रहें, पुलिस सत्यापन भी करा लें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने के लिए शासनप्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी विद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे शासन के आदेशों का पूर्ण पालन करें ताकि छात्रछात्राओं को बिना किसी आर्थिक दबाव के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। बैठक में समिति के नामित सदस्यों, अभिभावक प्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं अन्य सम्बंधित व्यक्तियों ने भाग लिया

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग पर लगेगा अंकुश, राजस्व प्राप्तियों में होगा इजाफा

अलीगढ़ जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में राजस्व प्राप्तियां बढ़ाए जाने, अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एडीएम (वित्त एवं राजस्व) मीनू राणा सहित संबंधित विभागों के अधिक. ारीगण उपस्थित रहे। डीएम ने कहा कि खनन कार्यों के माध्यम से प्राप्त होने वाला राजस्व राज्य की आर्थिक उन्नति का आधार है। अतः इसकी पारदर्शिता एवं नियमबद्धता अनिवार्य है।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि खनन कार्यों की नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण की व्यवस्था सख्ती से लागू की जाए। खनन क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई की जाए और अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए, वाहनों को जब्त किया जाए। सूचना तंत्र मजबूत करें। 112 नम्बर के माध्यम से प्राप्त शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए कार्यवाही की जाए। जहां भी ओवरलोडिंग की शिकायत प्राप्त हो तुरंत एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के विरुद्ध जितनी अधिक कार्रवाई होंगीं राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि होगी।एडीएम वित्त मीनू राणा ने कहा कि खनन एवं परिवहन विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा ताकि राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग पर सख्त निगरानी रखी जाएगी और निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। एडीएम ने एसडीएम एवं सीओ को निर्देशित किया कि अपनेअपने क्षेत्रों में ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों को जिम्मेदार बनाएं। बिना अनुमति के खनन न होने दिया जाए, सु. निश्चित हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि खनन स्थलों एवं परिवहन मार्गों की जीआईएस के माध्यम से मैपिंग कराई जाएगी, जिससे वास्तविक गतिविधियों पर डिजिटल निगरानी संभव हो सके। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समय–समय पर खनन स्थलों का निरीक्षण कर स्थिति की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। बैठक में एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम, सभी एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला खनन अधिकारी, परिवहन अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक 09 मई को

अलीगढ़ जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए बाढ़ से पूर्व तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में 09 मई को सांय 04 बजे से आहुत की जाएगी।अधिशासी अभियन्ता नरौरा खण्ड निचली गंगा नहर एवं सदस्य सचिव बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप ने उक्त जानक. ारी देते हुए बताया कि बैठक में बाढ़ के समय बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करके आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही, बाढ़ निरोधक कार्यों पर बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री कार्य स्थल पर पहुंचाने के लिए साधन उपलब्ध कराना, बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थल पर मरम्मत के लिये मजदूर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था कराना, बाढ़ निरोधक कार्यों के सुरक्षार्थ, आवश्यकता पड़ने पर पीएसी, पुलिस या होमगार्ड द्वारा पेट्रोलिंग का प्रबन्ध करना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थलों पर जहां रात्रि में भी कार्य करने की आवश्यकता हो वहां बिजली का उचित प्रबन्ध करना, जलमग्न क्षेत्रों में वर्षा के पानी को निकालने के लिये पम्पों, बिजली और डीजल की समुचित व्यवस्था करना, राहत कार्यों से सम्बन्धित विभागों व संस्थाओं से समन्वय समेत बाढ़ से सम्बन्धित कार्य पर विचार–विमर्श किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है कि अपने विभाग से सम्बन्धित कार्ययोजना के साथ बैठक में समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## जिलाधिकारी शनिवार 03 मई को तहसील गभाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं का कराएंगे निस्तारण

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा 03 मई शनिवार को तहसील गभाना सभागार में प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।निर्धारित रोस्टर के अनुसार अन्य तहसीलों में भी संबंधित एसडीएम एवं नोडल अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।

## मोबाइल पर बात करते–करते फंदे से लटका छात्ररूएएमयू के सुलेमान हॉल में रहता है एमटेक का छात्र, प्रेम–प्रसंग का बताया जा रहा मामलाय इलाज जारी

## श्रम विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में अटल आवासीय विद्यालय में गोष्ठी का हुआ आयोजन

अलीगढ़ रू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रम विभाग के तत्वाधान में अटल आवासीय विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में श्रमिकों को प्रदत्त विधिक अधिकारों, श्रम विभाग एवं उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों के हितार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया।उप श्रम आयुक्त सियाराम अलीगढ़ क्षेत्र द्वारा विस्तृत रूप से श्रमिक के अधिकारों एवं विगत 10 वर्षों में किये गये श्रम सुधार कार्यों के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने न्यूनतम वेतन भुगतान अधिनियम1936, बोनस भुगतान अधिनियम1965कर्मचारीक्षतिपूर्ति अधिनियम1923 व अन्य श्रम अधिनियमों में श्रमिकों को प्रदत्त विधिक अधिकारों की जानकारी दी गयी।पदोन्नत उप श्रम आयुक्त शेर सिंह ने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह योजना, मृत्यु एवं दिव्यांगता योजना के बारे में विस्तृत जानकारी यथा उद्देश्य, पात्रता की शर्ते, जॉच प्रक्रिया एवं देय हितलाभ में निहित धनराशि से अवगत कराया गया।श्रम प्रवर्तन अधिकारी आशीष कुमार अवस्थी बाल एवं किशोर अधिनियम 1986, बंधुआ श्रम अधिनियम 1976 और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संच. ालित ईश्रम पोर्टल के बारे में विधिवत जानकारी देते हुए श्रमिकों के लिए संचा. लित एक्सग्रेशिया सहायता के बारे में जानकारी दी यीअन्त में संगोष्ठी का समापन प्रधानाचार्य, अटल आवासीय विद्यालय रोहित सारस्वत द्वारा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालय के बारे में उसके शैक्षिणिक पाठयक्रम, सुरक्षा व्यवस्था, चि. कत्सा सुविधाओं तथा विद्यालय में उपलब्ध खेलकूद की व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए किया गया। गोष्ठी में विभागीय अधिकारियों के साथ ही दूर–दराज से आये श्रमिकगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## वृक्षारोपण के लिए हुआ मंथन–नगरीय क्षेत्र में नगर निगम लगायेगा 16000 पेड़–वृक्षारोपण को लेकर नगर आयुक्त ने की समीक्षा–अधीनस्थों को सौपे दायित्व

वृक्षारोपण की तैयारियों में जुटा नगर निगम–नगर आयुक्त की पहल नगरीय स्कूल का हर एक बच्चा रोपित करेगा एक वृक्ष–तो बदेलेगी अलीगढ़ की सूरतनगरीय पार्को की जल्द बदेगी सूरतेहाल–नगर आयुक्त ने उद्यान विभाग और निर्माण विभाग को सौपा जिम्मा इस बार नगर निगम ने वृक्षारोपण की तैयारियों को अभी से शुरू कर दिया है। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने इस बार शासन द्वारा नगरीय क्षेत्र में 16000 वृक्षारोपण के लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक संख्या में नगरीय क्षेत्र के सभी स्कूल के बच्चों के हाथो एक पेड़ लगाने की पहल को शुरू करने का निर्णय लिया है। वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा करते हुये नगर आयुक्त ने प्रभारी अधिकारी उद्यान डॉ राजेश वर्मा को नगर निगम के खाली पड़े भूखण्डों, तालाबों, पोखरों, मुख्य मार्गो, डिवाइडरों पार्को के साथ–साथ शासकीय भवनों में वृक्षारोपण के लिये कार्ययोजना तीन दिवस में बनाये जाने के निर्देश दिये है। नगर आयुक्त इस बार वृक्षारोपण व नगरीय पार्को के जीणोद्धार के लिये निर्माण विभाग और उद्यान विभाग के अलग अगल दायित्व भी निर्धारित कर दिये है आने वाले कुछ समय में नगरीय क्षेत्र के अधिकांश पार्को में पौधरोपण के साथ साथ आवश्यकतानुसार ओपन जिम, फुटपाथ आदि की व्यवस्था नगर निगम करने जा रहा है।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा इस बार वृक्षारोपणय मुहिम सामाकिजक संगठनों के साथ साथ विभिन्न स्कूलों को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा इसके लिये नगर निगम विभिन्न स्कूलों को आवश्यकतानुसार पेड़ भी निशुल्क उपलब्ध करायेगें।नगर निगम द्वारा पूर्व में सारसौल मरघट के सामने लगभग 1276 वर्गमीटर, ईसापुर पार्क में 300 वर्ग मीटर तथा असरपुर कयाम में 2500 वर्गम. ीटर में मियावाकी पद्धाति से वृक्षारोपण कराया गया तथा आने वाले दिनों में इसी पद्धाति पर अन्य स्थानों के चयन के उपरान्त नंदन वन बनाये जाने का कार्य किया जायेगा।समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, प्रभारी उद्यान डॉ राजेश वर्मा, सहायक अभियन्ता सिब्ते हैदर अवर अभियन्ता संजय कुमार आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



अलीगढ़ जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में न्यायिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य, आपूर्ति, शिक्षा, राजस्व सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने सभी अधिकारियों से लोक अदालत को जन–जागरूकता अभियान के रूप में लेने और अधिक से अधिक वादों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। डीएम ने कहा कि ऐसी शिकायतें जिनका निस्तारण न होने से व्यक्ति न्यायालय की शरण में जा सकता है उनका निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से जनसामान्य को त्वरित एवं सुलभ न्याय दिलाया जाता है। यह न केवल न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाता है बल्कि समय और संसाधनों की भी बचत करता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित वादों को लोक अदालत में निस्तारण के लिए तत्परता से तैयार किया जाए और आमजन को इसकी व्यापक जानकारी दी जाए।एडीएम न्यायिक अखिलेश कुमार ने बैठक में लोक अदालत की रूपरेखा एवं अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों से प्राप्त वादों की स्थिति और निस्तारण की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में 78000 वादों का निस्तारण कराया गया था। 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न विभागों द्वारा समेकित रूप से 01 लाख 05 हजार से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाना प्रस्तावित है।

## जिले में नीट परीक्षा 04 मई को 20 केंद्रों पर

अलीगढ़ (जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एवं प्रधानाचार्य केंद्रीय विद्यालय खुशीराम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि पूरे देश में 04 मई रविवार को विभिन्न मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक कॉलेज, होम्योपैथिक कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज में स्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए नीट (यूजी)–2025 (छम्म्ज्ल्20252025) की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा का आयोजन उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीनस्थ स्वायत्त संगठन श्राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसीश के द्वारा किया जा रहा है। जिले में यह परीक्षा 20 केन्द्रों पर शहर व शहर के आसपास के विभिन्न कॉलेज, इन्टर कॉलेज एवं केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित की जायेगी। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों को एनटीए द्वारा परीक्षा से सम्बंधित दिए गए निर्देशों का ठीक से अध्ययन करना चाहिए और उनका ससमय पालन करना चाहिए।उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को केवल प्रवेश पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, निर्धारित प्रारूप पर चिपकाकर एक पोस्टकार्ड साइज फटो, सरकार द्वारा जारी मूलरूप में (ओरिजिनल) पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि) एवं एक पारदर्शी पानी की बोतल ही परीक्षा केन्द्र में ले जाने की अनुमति है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी सामान घड़ी, पेन, पेंसिल, मोबाइल, कैलकुलेटर, आभूषण, पर्स, बैग कुछ भी परीक्षा केन्द्र पर ले जाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केन्द्रों के अन्दर कोई क्लॉक रूम की व्यवस्था नहीं होगी। ऐसे में परीक्षार्थी अपने साथ कोई ऐसी वस्तु या सामान परीक्षा केन्द्र पर न लेकर आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रिंट किया हुआ प्रवेश पत्र, पोस्टकार्ड फोटो प्रवेश पत्र के साथ संलग्न प्रारूप पर चिपकाकर दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं ओरिजिनल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के दिन प्रशासन के आदेशानुसार शहर में सारी फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। अतः प्रवेश पत्र, फोटो, ओ. रिजिनल फोटो पहचान पत्र परीक्षार्थी के पास दस्तावेज के रूप में उपलब्ध होने चाहिए अन्यथा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा।उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में 11:00 बजे से 1:30 बजे तक प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। 1:30 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी परीक्षार्थी इस बात का भी ध्यान रखें कि परीक्षा केन्द्र पर 11:00 बजे पहुँच कर प्रवेश प्राप्त करने के लिए फ्रिस्किंग, रजिस्ट्रेशन, बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रियाओं से गुजरेंगें जिसके लिए पर्याप्त समय लग सकता है। अतः केन्द्र पर प्रवेश के अंतिम समय 1:30 बजे को इंतजार न करें बल्कि 11:00 बजे से प्रवेश पाने के लिए परीक्षा केन्द्र पर पहुँचे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधाओं, यातायत मार्गदर्शन के लिए बस स्टैंड रेलवे स्टेशन एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल का इंतजाम किया है। परीक्षार्थी एवं अभिभावक सभी तरह की अफवाहों से बचें और समय रहते परीक्षा केन्द्र पर पहुँचे। उन्होंने परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि परीक्षा से सम्बंधित किसी भी तरह की अफवाहों में संलिप्त न हो अन्यथा प्रशासन द्वारा लोक परीक्षा अधिनियम–2024 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा सकती है।



# एटा के सकीट थाना क्षेत्र के भगवन्तपुर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई

संवावदाता इंद्रपाल राजपूत

एटा के सकीट थाना क्षेत्र के भगवन्तपुर गांव में बुधवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। खेत में भूसा इकट्ठा कर रही दो सगी बहनों पर आकाशीय बिजली गिर गई।इस हादसे में 17 वर्षीय दीक्षा की मौत हो गई। उसकी 18 वर्षीय बहन सपना गंभीर रूप से झुलस गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। दोनों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सकीट ले जाया गया। चिकित्सकों ने हालत देखते हुए उन्हें एटा के जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां दीक्षा को मृत घोषित कर दिया गया। सपना का इलाज जारी है। उसकी हालत



चिंताजनक बनी हुई है।मृतक दीक्षा के चचेरे भाई ने बताया कि दोनों बहनें अपने भाई के साथ खेत में भूसा इकट्ठा कर रही थीं। मौसम खराब था। अचानक बिजली गिरी और हादसा हो गया। थाना प्रभारी सकीट चमन गोस्वामी ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का पंचनामा किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

## एटा जिले के जैथरा थाना क्षेत्र में फर्रुखाबाद–एटा रोड पर एक गंभीर सड़क दुर्घटना हुई

एटा जिले के जैथरा थाना क्षेत्र में फर्रुखाबाद–एटा रोड पर एक गंभीर सड़क दुर्घटना हुई। परौली के पास एक लोडर और ऑटो की आमने–सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए।घटना गुरुवार की देर रात की है। फर्रुखाबाद के सुल्तानगंज खरेता निवासी भोजराज (30), आशाराम (55) और शिवपाल अपनी बेटी के घर नगला कंचन से वापस लौट रहे थे। जैथरा के समीप सामने से आ रहे लोडर से उनके ऑटो की टक्कर हो गई।दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। घायलों में से एक व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट आई है और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।घायल आशाराम ने बताया कि दुर्घटना के समय ऑटो में 6–7 लोग सवार थे। छोटा हाथी (लोडर) ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। सभी घायलों का मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है।

# कासगंज की गंगा देवी धर्मशाला में शुक्रवार को एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया

कासगंज की गंगा देवी धर्मशाला में शुक्रवार को एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी और एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।विपक्ष का विरोध करना परंपरा हैजिले के प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि देश हित में एक देश एक चुनाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी दलों को एक राष्ट्र एक चुनाव का नारा स्वीकार करना होगा। इसके लिए कानून बनाना जरूरी है।चौधरी ने कहा कि विपक्ष का विरोध करना परंपरा




है।प्रधानमंत्री जानना चाहते हैं कि देश की जनता एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए तैयार है या नहीं। उन्होंने कासगंज जिले के प्रबुद्ध लोगों से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजने का आग्रह किया। एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा कि सपा, बसपा, जेडीयू और डीएमके जैसे दल वोटों का सौदा कर भारतीय राजनीति में अपना स्थान बनाना चाहते हैं।

# एटा में मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध किया

एटा में मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोगों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने जामा मस्जिद और बस स्टैंड स्थित ईदगाह मस्जिद पर एकत्रित होकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।मुस्लिम नेता शराफत हुसैन काले के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन में लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर शहिंदू मुस्लिम भाई भाईश और श्आतंकवाद खत्म करोश के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।शराफत हुसैन ने बताया कि घटना के दिन से ही एटा की सभी मस्जिदों पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने भारत के मुसलमानों की पीठ में खंजर




भोंकने का काम किया है।प्रदर्शनकारियों ने सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत का मुसलमान देश के साथ खड़ा है। प्रदर्शनकारियों ने सीमा पर तैनात होने की इच्छा जताते हुए कहा कि वे पाकिस्तान के खिलाफ लड़ने को तैयार हैं और देश के लिए कुर्बान होने को तत्पर हैं।

# कासगंज पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में तीन अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया


कासगंज पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में तीन अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। कासगंज–सोरों रोड स्थित बारहपत्थर मैदान के पास से पकड़े गए आरोपियों से करीब 10 लाख रुपए के जेवरात बरामद हुए हैं।ASP राजेश भारती ने बताया कि आरोपियों के पास से 5 किलो 300 ग्राम चांदी के जेव. रात, 3 सोने की चेन और एक अंगूठी मिली है। पकड़े गए आरोपियों में कासगंज के रिहान, नसीम और कमल यादव शामिल हैं।आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने 29 अप्रैल 2025 को गाजियाबाद के सिहानी गेट में सर्राफा की दुकान से, 25 अप्रैल को अलीगढ़ के अतरौली कस्बे से और 2 अप्रैल को कासगंज के सैलई गांव से चोरी की थी। चोर गैस कटर का इस्तेमाल कर दुकानों और मकानों के ताले तोड़ते थे।पुलिस के मुताबिक, ये तीनों शातिर अपराधी हैं और पहले भी कई अपराधों में शामिल रह चुके हैं। इस गिरोह के कुछ अन्य सदस्य अभी फरार हैं। जिनकी तलाश जारी है। आरोपियों पर धारा 317(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# आवारा सांड के हमले से महिला की दर्दनाक मौत, परिवार में कोहराम





कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत आवारा सांड ने  घर के बाहर टहल रही (55) वर्षीय महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। सांड ने महिला के सींग गले में घुसेड़ दिए। जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया है। तहसील प्रशासन ने मृतका के परिजनों को सहायता राशि दिलाए जाने का भरोसा दिलाया है।गांव शेरगढ़ निवासी (55) सोनकली देवी पत्नी भागीरथ गुरुवारकी देर रात अपने पति को खाना देने के लिए खेत पर जा रही थी, तभी आवारा सांड ने जानलेवा हमला कर दिया। महिला को सांड ने सींग पर रखकर दो सौ मीटर दूर तक खदेड़ा। सींग को महिला के गले में घुसेड़ दिए। जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को लेकर मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के बेटे जीतू ने बताया कि उनके पापा मक्का के खेत पर आवारा गोवंशो को भगा रहे थे। उनकी मां खाना देने जा रही थी, तभी सांड ने हमलाकर दिया।जिससे उनकी मां की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मृतका के परिजनों ने पुलिस और तहसील प्रशासन को दी। मौके पर पहुंचे सिढपुरा थानाध्यक्ष दिनेश चंद्र ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कानूनगो सर्वेश कुमार और लेखपाल नरेंद्र पाल सिंह ने बताया घटना से संबंधित रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपी जाएगी, जो भी शासन से मिलने वाला सहायता राशि परिजनों को दिलाई जाएंगी। हमले के बाद ग्रामीणों में आक्रोश घटना के बाद ग्रामीण मौके पर जुट गए। आक्रोश व्यक्त करने लगे।आवारा गोवंशो को लेकर गांव में गुस्से का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि हिंसक पशुओं की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। कई बार शिकायत करने के बा. वजूद भी किसी प्रकार की कोई पहल नहीं की गई।ग्रामीणोंने वन विभाग और जिला प्रशासन से आवारा गोवंशो से निजात दिलाने की मांग की है कि इस प्रकार के पशुओं को पकड़ कर सुरक्षित स्थानो पर भेजा जाए, जिससे लोगों की जान माल की सुरक्षाबनी रही।



# एटा की पिलुआ थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार

एटा की पिलुआ थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विकास पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम भट मई को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ किशोरी को बहला–फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था।अपराधियों की तलाश की जा रही थी तब से आरोपी फरार चल रहा था। एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर फरार अपराधियों की तलाश की जा रही थी। पिलुआ थाना पुलिस ने मुखबिरों का जाल बिछाकर आरा. `पी को पकड़ा। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक योगेंद्र उपाध्याय, हेड कांस्टेबल इकरार खान और कांस्टेबल अभिषेक कुमार की टीम शामिल रही।

# कासगंज अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राजेश कटियार ने राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान की समीक्षा की

कासगंज। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राजेश कटियार ने राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने टीकाकरण अभियान को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान हुई बैठक में चार एनएनएम अनुपस्थित रहीं। इनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।अपर निदेशक ने कहा कि बच्चों को टीडी वै. क्सीन व मीज्लस, रूबेला का इस समय टीकाकरण किया जा रहा है। कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सोरोंजी विकास क्षेत्र की उषा रानी ,स्साधना, नीरज अनुपस्थित रहीं। इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देशदिए।इसदौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव अग्रवाल, जेडी डॉ. मोहन झा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टरएमकेशुक्ला,जिलाप्रशिक्षण अधिकारी, डॉ.कुलदीप सिंह, डीपीएम पवन कुमार, डीसीपीएमकेपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# कासगंज पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की

कासगंज पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन अलग–अलग थाना क्षेत्रों से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तीन अवैध देशी तमंचे और तीन जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं।पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। कासगंज, सहावर और पटियाली थाने की पुलिस ने चेकिंग के दौरान इन आरोपियों को पकड़ा। थाना कासगंज से गौरव पुत्र मिहीलाल को गिरफ्तार किया गया।तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दियावह नगला ऊरवा का रहने वाला है। थाना सहावर से नरेंद्र पुत्र हाकिम सिंह को पकड़ा गया। वह जमालपुर का निवासी है। नरेंद्र पर पहले से दो मामले दर्ज हैं। थाना पटियाली से आमीन पुत्र निसार खान को गिरफ्तार किया गया। वह नौगवां चेहका का रहने वाला है। सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3ध्25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

एटा। थाना व कस्बा अवागढ़ में एक पेट्रोल पंप के पास डंपर की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे।थाना क्षेत्र के गांल रोहिना मिर्जापुर निवासी पप्पू ने बताया कि चचेरे भाई बंटी (42) गांव में ही रहकर खेती और मजदूरी करते थे। बृहस्पतिवार को शाम के समय घर से कस्बे में बाजार करने गए थे। बाजार करने के बाद वहां से घर लौट रहे थे। तभी कस्बा स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने उनकी बाइक एक डंपर की चपेट में आ गई। इसके कारण बंटी लहूलुहान होकर गिर पड़े। दुर्घटना होते ही आसपास के लोग भागकर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।जानकारी पाकर पुलिस और परिजन घटनास्थल पर आए और बंटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अवागढ़ लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने बंटी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। पप्पू ने बताया कि बंटी इकलौते पुत्र थे। उनके पीछे पत्नी और 5 बच्चे रह गए हैं। 4 बेटी और 1 बेटा है, जिनका रो–रोकर बुरा हाल है। बंटी 2 बेटियों का विवाह कर गए। दो बेटी और एक बेटा अभी पढ़ रहे हैं।

